सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति

राजभवन देहरादून 10 अगस्त, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरुवार को राजभवन में दिसम्बर माह में प्रस्तावित इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन की तैयारियों के संबंध में संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड में उद्योगों की स्थापना और निवेश की बेहतर संभावनाएं हैं जिसके दृष्टिगत यहां देश–विदेश से निवेशक आना चाहते हैं।

राज्यपाल ने कहा कि इन्वेस्टर्स समिट उत्तराखण्ड में निवेश की संभावनाओं को बढ़ाने का अच्छा माध्यम रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पर्यटन, उद्योग, कृषि क्षेत्र, हवाई, रेल एवं सड़क कनेक्टिविटी का जिस तेजी से विस्तार हो रहा है, यह औद्योगिक जगत के लोगों को देवभूमि उत्तराखण्ड आने के लिए आकर्षित कर रहा है। उन्होंने कहा कि इन्वेस्टर्स समिट में अधिक से अधिक निवेशक आएं हमारी ऐसी तैयारियां होनी चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि राज्य में निवेश बढ़े, आर्थिक संसाधनों में वृद्धि हो एवं औद्योगिक वातावरण सृजन करने के साथ–साथ राज्य में औद्योगिक क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। इसके लिए इन्वेस्टर्स समिट की सोच सराहनीय है। उन्होंने अधिकारियों से अभी तक की तैयारियों के संबंध में चर्चा कर जानकारी ली। बैठक में एमडी सिडकुल रोहित मीणा ने प्रस्तावित समिट की कार्ययोजना और अभी तक की तैयारियों का प्रस्तुतिकरण दिया।

इस अवसर पर सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, सचिव वित्त एस.एन. पाण्डे, क्षेत्रीय निदेशक सेबी अमित प्रधान, डीजीएम सेबी ज्ञानेंद्र नीरज, अपर सचिव एमएसएमई डी.के. तिवारी, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

............0...........